HINDI

अपनी पारिवारिक भाषा[ओं] को बनाए रखना

अपनी पारिवारिक भाषा को बनाए रखने से बाद में सभी भाषा-संबंधी विकास की नींव का निर्माण होता है। जब आपके बच्चों के पास सशक्त भाषा-संबंधी प्रारूपों के माध्यम से देखने, सुनने और संवाद करने के अवसर होते हैं, तो वे अनेक भाषाएँ आसानी से सीख सकते हैं।

विक्टोरिया में आरंभिक वर्षों के व्यावसायिक *विक्टोरियाई आरंभिक वर्ष शिक्षण और विकास फ्रेमवर्क (वीईवाईएलडीएफ) [Victorian Early Years Learning and Development Framework (VEYLDF)]* के तहत निर्देशित होते हैं। यह फ्रेमवर्क बहुभाषावाद की पहचान एक परिसंपत्ति के रूप में करता है और यह आशा स्थापित करता है कि बच्चों को अपनी पारिवारिक भाषा(ओं) को बनाए रखने के लिए समर्थन दिया जाएगा, वे अंग्रेज़ी को एक अतिरिक्त भाषा के रूप में सीखेंगे, और वे आरंभिक वर्ष शिक्षण और देखरेख (वीईवाईएलडीएफ, 2016) [Early Years Education and Care (VEYLDF, 2016)] कार्यक्रमों में हिस्सा लेने की अवधि में अंग्रेज़ी के अलावा अन्य भाषाएँ सीखेंगे।

अपनी परिवारिक भाषा(ओं) को विकसित करने और बनाए रखने से आपके बच्चे/आपकी बच्ची को कई लाभ मिलेंगे:

- आपका बच्चा/आपकी बच्ची अपनी पारिवारिक भाषा का उपयोग करके अपनी संज्ञानात्मक अनुकूलनशीलता और विकास का विस्तार कर सकता/सकती है।
- अपनी पारिवारिक भाषा(ओं) को बनाए रखना पारिवारिक संबंधों, संपर्क बनाने और अपनेपन की भावना के लिए आवश्यक है।
- परिवारिक भाषा(एँ) आपके बच्चे की पहचान, संस्कृति और कल्याण से जुडी होती है(हैं)।
- आपके बच्चे/आपकी बच्ची को अपनी पारिवारिक भाषा(ओं) में धाराप्रवाह होने से अंग्रेज़ी जैसी अतिरिक्त भाषाएँ सीखने में समर्थन मिलता है।

VEYLDF (2016) शिक्षकों को बताता है कि 'पहचान के निर्माण में प्राथमिक या घरेलू भाषाओं के अधिग्रहण और रखरखाव की महत्वपूर्ण और लगातार बने रहने वाली भूमिका होती है' (पृष्ठ 18)। इसलिए, अंग्रेज़ी को एक अतिरिक्त भाषा के रूप में विकसित करने में समर्थन के लिए एक अनिवार्य घटक यह है कि शिक्षक और परिवार सहयोगात्मक भागीदारियों में संलग्न हों, ताकि बच्चों को अपनी पारिवारिक भाषा(ओं) को विकसित करने और बनाए रखने के लिए प्रोत्साहन मिल सके।

आरंभिक बचपन शिक्षा और देखरेख परिवेशों में अंग्रेज़ी को एक अतिरिक्त भाषा के रूप में विकसित करना

आपके बच्चे/आपकी बच्ची को विक्टोरियाई आरंभिक बचपन शिक्षा और देखरेख (Victorian Early Childhood Education and Care) परिवेशों में अंग्रेज़ी सीखने के कई अवसर मिलेंगे। अनुसंधान से हमें पता चलता है कि 'बच्चे भाषा के प्रति अभिमुखीकरण, स्पष्ट प्रतिरूपण और भाषा शिक्षण, तथा नई भाषा के अधिग्रहण के लिए उपयुक्त समय दिए जाने से अंग्रेज़ी (या किसी अन्य भाषा) को एक अतिरिक्त भाषा के रूप में सफलतापूर्वक सीख सकते हैं' (VEYLDF, 2016, पृष्ठ 22)।

किसी एक भाषा की जानकारी होने से बच्चों को यह समझने में सहायता मिल सकती है कि अन्य भाषाएँ कैसे काम करती हैं। बच्चों द्वारा एक भाषा में विकसित की गई कुशलताओं को नई भाषा में संक्रमित किया जा सकता है। परिवारिक भाषाओं के माध्यम से ही बच्चे नई भाषा, इसके नियमों और शब्दावली की समझ प्राप्त कर सकते हैं। अंग्रेज़ी भाषा परिवेश में पूरी तरह से निमग्न होने पर आपके बच्चे/आपकी बच्ची को अलग-अलग संदर्भों में अंग्रेज़ी सुनने का अवसर मिलेगा। वे दूसरे बच्चों के साथ जुड़ने और खेलने के इच्छुक होंगे और शिक्षकगण आपके बच्चे/आपकी बच्ची को अंग्रेज़ी सुनने और अंग्रेज़ी का अभ्यास करने के लिए अनेकानेक अच्छे नमूने और अवसर प्रदान करेंगे।

भाषा कुशलताएँ समुचित गति से बच्चों के भाषा-संबंधी पहले के अनुभवों, नई भाषा के प्रति उनके अभिमुखीकरण और सीखने के नए परिवेशों में विकसित होती हैं। एक ही समय में कई भाषाएँ सीखने वाले बच्चे, कुछ समय के लिए एक से अधिक भाषाएँ बोलने में सक्षम हो सकते हैं। आरंभ में बच्चे भाषाओं को मिलाकर बोल सकते हैं। उन्हें एक भाषा में शब्द की जानकारी हो सकती है, और दूसरी में नहीं। अपनी बातचीत का प्रवाह बनाए रखने के लिए वे उन शब्दों का उपयोग करते हैं, जो वे जानते हैं। बच्चों द्वारा बहुभाषी संदर्भों में अपनी भाषाओं का उपयोग करते समय यह एक प्राकृतिक और अनुकूलनीय रूप से विकसित की गई कुशलता होती है।

याद रखें...

नई भाषा में संवादात्मक प्रवाह विकसित करने में समय लगता है और अतिरिक्त भाषा सीखने की प्रक्रियाओं से गुजरने के दौरान बच्चों को अपने आस-पास के वयस्कों से समय और बिना दबाव के समर्थन की आवश्यकता होती है।

सभी बच्चों को अपनी पारिवारिक भाषा(ओं) का उपयोग करने और सीखने का अधिकार है [यूएनसीआरसी (UNCRC), 1989]।

References

Department of Education and Training, 2016. *Victorian Early Years Learning and Development Framework.*

UNICEF, 1989. *United Nations Convention on the Rights of the Child* (UNCRN).

fka Children's Services
18 Harper Street, Abbotsford VIC 3067

03 9428 4471 | fkacs@fka.org.au
www.fka.org.au | Facebook @FKACS